कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
विद्युत वितरण मण्डल,
हाइडिल कॉलोनी, कविनगर,गाजियाबाद।

दूरभाष सं0 : 0120–4998409
फैक्स सं0 : 0120–
Email.Id: edcgzb@gmail.com
CIN NO.: U31200UP2003SGC027458

पत्रांकः 2030 /वि0वि0मं0 / गा0बाद / दिनांक : 07/01/2022

विषय :– विज्ञापन आदेश।

विज्ञापन व्यवस्थापक,
लोकसत्य,
दिल्ली संस्करण।

विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दुस्तान हिन्दी,
दिल्ली संस्करण।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 08.01.2022 के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिये 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिये 6–8 प्वाइन्ट टाइप में समाचार पत्र के रनिंग मेटर में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग के नीचे का नाम व पता यथासंभव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 को **B/W**पट्टी तथा बोल्ड शब्दों में फोन्ट साइज–14 में तथा लोगो 1 **Sq.cm** में प्रकाशित किया जाये।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनायें जैसे बिजली बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिलों के संबध में सूचना आदि का प्रकाशन यथासम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर कराने की व्यवस्था करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियॉ संलग्न करते हुए भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विधुत वितरण निगम लि0, मेरठ को प्रेषित करें । विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान संभव नहीं होगा ।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये । हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा संबधित बीक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा ।
5. यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन दृष्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा स्वीकृत विज्ञापन दरें स्वीकार न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में "राष्ट्हित में बिजली बचायें" का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिंनाक अवश्य प्रकाशित करें ।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढ़ग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है ।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

1. विज्ञापन आदेश की प्रथम एवं द्वितीय प्रति
2. विज्ञापन सामग्री।

भवदीय

(वी0के0आर्या)
अधीक्षण अभियन्ता

अधीक्षण अभियन्ता
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
विद्युत वितरण मण्डल
गाजियाबाद

पंत्राक : /वि0वि0मं0/गाजियाबाद/विज्ञापन/तद्दिनांक–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को विज्ञापन सामग्री सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विधुत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
2. मुख्य अभियन्ता (वि0) गाजियाबाद क्षेत्र, निकट 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र राजनगर, गाजियाबाद।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क मेरठ।
4. नोटिस बोर्ड

(वी0के0आर्या)
अधीक्षण अभियन्ता

# पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0

## *अल्पकालीन ई–निविदा सूचना*

**ई–निविदा संख्या:–37/2021-22/E.D.C/GZB**
**निविदा शुल्क:–रू0 1180.00 धरोहर धनराशि:–रू0 1450.00**
**कार्य का विवरण:**–विद्युत वितरण खण्ड मुरादनगर के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत श्री हिमांशु जिंदल खसरा नं0 372 ग्राम शहजादपुर मुरादनगर में 1500 के0वी0ए0 का नया संयोजन अवमुक्त कराने हेतु लाईन निर्माण सबंधित **समस्त कार्य।**

उपरोक्त कार्य बाह्य एजेन्सी के माध्यम से कराने हेतु अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे https://etender.up.nic.inपर दिनांक 22.01.2022 को दोपहर 12:00 बजें तक भरा जा सकता है तथा दिनांक 22.01.2022 को 16:00 बजे एवं उसके पश्चात खोला जायेगा। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि एन0ई0एफ0टी0 / आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से पंजाब नेशनल बैंक के खाता सं0–0180002100028563(IFSC PUNB0018000) में पृथक रूप से जमा कराकर बैंक जमा का साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 सं0, पे–इन–स्लिप की प्रति अन्य आवश्यक प्रपत्रों के साथ निविदा के प्रथम भाग में अपलोड किया जाना आवश्यक है।

अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें अथवा निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना केवल निगम की वेबसाईट www.pvvnl.org तथा https://etender.up.nic.in पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल
गाजियाबाद।

अधीक्षण अभियन्ता
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
विद्युत वितरण मण्डल
गाजियाबाद

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"